राजस्थान सरकार

राजस्थान स्टेट मोटर गैराज

....

क्र0 प. 5 (3)स्टेमोगै /2013 जयपुर, दिनांक : 22 जनवरी,2014

परिपत्र

विषयः—विगत सरकार के कार्यकाल में नियुक्त मंत्री/राज्यमंत्री स्तर के तथा अन्य पदाधिकारियों के उपयोग हेतु क्रय किए गए वाहनों को राजस्थान स्टेट मोटर गैराज में जमा कराने बाबत ।

विगत सरकार के कार्यकाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधीन राज्यस्तरीय आयोगों / परिषदों / मण्डलों में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई थी तथा कुछ पदाधिकारियों को मंत्री/राज्यमंत्री स्तर का दर्जा प्रदान किया गया था । इन पदाधिकारियों के उपयोग हेतु विभिन्न विभागो द्वारा उनके स्तर पर वाहन क्रय किए गए थे । अब ऐसे पदाधिकारियों द्वारा त्याग—पत्र दिया जा चुका है अथवा उनकी नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा निरस्त की जा चुकी है ।

राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि ऐसे पदाधिकारियों के उपयोग हेतु विभागों द्वारा उनके स्तर पर क्रय किए गए वाहनों को राजस्थान स्टेट मोटर गैराज में अविलम्ब जमा करवाया जावें । अतः आपसे अनुरोध है कि विगत सरकार के कार्यकाल में नियुक्त विभिन्न पदाधिकारियों **(संवैधानिक पद पर नियुक्त पदाधिकारियों को छोड़कर)** के उपयोग हेतु विभागीय स्तर पर क्रय किए गए वाहनों को तत्काल राजस्थान स्टेट मोटर गैराज, जयपुर में आवश्यक रूप से जमा कराया जाना सुनिश्चित करावें ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें ।

(राकेश श्रीवास्तव)
अतिरिक्त मुख्य सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1— समस्त सम्बन्धित अतिरिक्त मुख्य सचिवगण/प्रमुख शासन सचिवगण/ शासन सचिवगण ।

2— समस्त सम्बन्धित विभागाध्यक्ष ।

3— नियंत्रक, स्टेट मोटर गैराज, जयपुर ।

वरिष्ठ उप शासन सचिव